



# 51 हजार दीपों से रोशन होगा घाट

- आज होगा सेठानी घाट पर दीपोत्सव और महाआरती
- सुबह घाटों पर चलेगा स्वच्छता अभियान



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 16 सितंबर . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 'सेवा संकल्प अभियान' शुरू होगा. मध्यप्रदेश में यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाना है.**

नर्मदापुरम में अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. सेठानी घाट पर 51 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे. साथ ही मां नर्मदा की महाआरती सहित धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. कार्यक्रम के तहत सुबह 7 से 9 बजे तक सेठानी घाट और पर्यटन घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. शाम को सेठानी घाट पर दीप प्रज्वलन और मां नर्मदा की महाआरती होगी. प्रशासन ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता की तैयारी की है. अभियान में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनसहभागिता से जुड़े कार्यक्रम भी होंगे. अभियान की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त श्रीकांत बनोठ ने बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल के कलेक्टरों के साथ बैठक की. उन्होंने कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने और बेहतर समन्वय के निर्देश दिए. संभागायुक्त ने अभियान के दौरान रक्तदान शिविर आयोजित करने, रक्त संग्रह और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए. पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभ दिलाने पर भी जोर दिया गया. बैठक में नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा सहित संभागीय अधिकारी मौजूद रहे, जबकि हरदा और बैतूल के कलेक्टर ऑनलाइन जुड़े.

## गो सम्मान अभियान को लेकर बैठक

**नर्मदापुरम.** गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में आगामी तृतीय चरण 17 दिसंबर को जंबूरी मैदान भोपाल में होने वाले आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में गो संरक्षण,गो सेवा एवं समाज सहित अभियान की तैयारी और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया उपस्थित सदस्यों ने अभियान को व्यापक स्तर पर पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों से हस्ताक्षर एवं सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में अपने सुझाव रखें. बैठक में अभियान की व्यवस्थाओं प्रचार प्रसार जनसंपर्क एवं कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियों पर चर्चा की उपस्थित सदस्यों ने अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया. अभियान के माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता अथवा राष्ट्र आराध्या के संदेश को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया गया आगामी 17 दिसंबर 2026 को जंबूरी मैदान भोपाल में होने वाले कार्यक्रम को लेकर तैयारी आगे बढ़ने पर सहमति बनी.

## छात्राओं ने सीखी जैविक खेती तकनीक



- रोजगार-स्वरोजगार की संभावनाओं से हुईं रूबरू
- जैविक खाद और फसल प्रबंधन की ली जानकारी

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 16 सितंबर . शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया.**

इसका उद्देश्य छात्राओं को कृषि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं से परिचित कराने के साथ जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी देना था.

छात्राओं ने ग्राम मोहला स्थित वेदपरिचय एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का भ्रमण किया. कंपनी की सीईओ वर्षा दीपांश श्रीवास्तव ने जैविक खाद निर्माण, वर्मी कंपोस्टिंग, फसल चक्र प्रबंधन, जैविक कीटनाशकों के उपयोग और मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया की जानकारी दी. इसके बाद ग्राम पाण्डुखेड़ी स्थित वर्मा कृषि जैविक खेती फर्म का भ्रमण कराया गया.

मास्टर ट्रेनर रामकृष्ण रघुवंशी और श्री वर्मा ने छात्राओं को जैविक खेती के फायदे, बाजार में इसकी बढ़ती मांग और कृषि आधारित नए उद्यम शुरू करने की संभावनाओं के बारे में बताया. छात्राओं ने खेतों में खेती की तकनीकों को करीब से समझा और विशेषज्ञों से सवाल भी किए.

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता अहिरवार ने कहा कि युवाओं को पारंपरिक नौकरियों के साथ कृषि आधारित उद्यमिता पर भी ध्यान देना चाहिए. प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. रागिनी सिकरवार ने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में बढ़ते रोजगार अवसरों की जानकारी दी. कार्यक्रम में रक्षा बरकड़े, डॉ. मनीष चंद्र चौधरी, रैनी राजपूत, मेघा चौहान और धीरज खातरकर का सहयोग रहा.

## एक नजर में

### किसानों की 15 मांगें, सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया.** भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम तीन अलग-अलग ज्ञापन नायब तहसीलदार श्यामसिंह तारे को सौंपे. संघ ने कृषि आदान और कृषि यंत्रों पर जीएसटी समाप्त करने, फसलों का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य देने तथा किसान हितैषी आयात-निर्यात नीति बनाने की मांग की. ज्ञापन में जीएम फसलों और बीजों को देश में अनुमति नहीं देने, कृषि ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हेल्पलाइन व समन्वय अधिकारी नियुक्त करने की मांग रखी गई. मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, फसल कटाई प्रयोग शुरू करने, मंडियों में आधुनिक जांच और ग्रेडिंग मशीनें लगाने तथा समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की गई. इस दौरान किसान संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे.

### हिंदी में दिखी भविष्य की राह

**पिपरिया.** शहीद भगतसिंह पीजी कॉलेज में हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ हुआ. प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी ने हिंदी भाषा के महत्व, भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला. भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी भाषा एवं साहित्य की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें खुशी रजक प्रथम, प्रियंक साहू द्वितीय और दुर्गेश सूर्यवंशी तृतीय रहे. विद्यार्थियों को हिंदी में पत्रकारिता, अनुवाद, कंटेंट राइटिंग, डिजिटल मीडिया और जनसंचार सहित करियर विकल्पों की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**पिपरिया.** लायंस क्लब पिपरिया सिटी और लियो क्लब पिपरिया प्राइम के संयुक्त तत्वावधान में खेल दिवस, शिक्षक सम्मान समारोह एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जोन चेयरपर्सन लायन अरविंद अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे. समारोह में वरिष्ठ खेल अधिकारी व्हीएस चौहान सहित शिक्षकों और प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया. सुब्रतो कप में प्रदेश स्तर पर खेलने वाली सीएम राइज स्कूल की छात्राओं को भी सम्मानित किया गया. बालिका स्वास्थ्य और चाइल्डहुड कैंसर जागरूकता को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई. क्लब पदाधिकारियों ने सेवा गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया.

### जनसुनवाई में पहुंचे एक दर्जन से अधिक आवेदन

**पिपरिया.** शहर में आयोजित जनसुनवाई में एक दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए. बनखेड़ी के पांजरा गांव के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव और सरपंच पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नलजल योजना, अधूरे मंगल भवन और पीएम आवास में अनियमितता की जांच की मांग की. किसानों ने धान भुगतान नहीं मिलने की शिकायत भी दर्ज कराई. इसके अलावा भूमि विवाद, घरेलू बिजली बिल सुधार, सम्मान निधि, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने सहित अन्य समस्याओं को लेकर आवेदन दिए गए. एसडीएम आकिप खान ने संबंधित विभागों को आवेदन भेजकर जांच और निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

### तहसील कार्यालय के सामने भरा पानी, लोग परेशान

**पिपरिया.** तेज बारिश के बाद तहसील और एसडीएम कार्यालय के मुख्य गेट के सामने पानी भर गया. करीब आधे घंटे की बारिश से शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई. तहसील कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय, पीएचई कार्यालय और कोर्ट जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. एसडीएम कार्यालय के मुख्य गेट के पास भी कीचड़ और पानी जमा होने से नागरिक परेशान हुए. शहर में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से कई स्थानों पर पानी भरने की समस्या सामने आई. नगर पालिका अधिकारियों से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी.

### गड्ढे से हादसा, 112 ने बचाई जान

**बनखेड़ी.** स्टेट हाईवे-22 पर माल्हनवाड़ा स्थित बिजयासन मंदिर के पास रविवार रात बाइक सवार युवक गड्ढे के कारण गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसा रात करीब 9:30 बजे हुआ. गिरने से युवक का कान फट गया और वह मौके पर ही बेहोश हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीणों ने डायल-112 को सूचना दी. सूचना मिलते ही एफआरवी-04 नर्मदापुरम मौके पर पहुंची. आरक्षक देवेश शुक्ला और पायलट नर्मदा पटेल ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है. समय पर पुलिस सहायता मिलने से युवक को उपचार मिल सका.

### पचमढ़ी-मढ़ई में रोजगार का जायजा

**नर्मदापुरम.** पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में चल रहे प्रयासों का जमीनी असर जानने के लिए आईआईएम इंदौर की टीम ने पचमढ़ी और मढ़ई में एंडलाइन सर्वेक्षण किया. महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत 12 से 14 सितंबर तक चले सर्वे में टीम ने पर्यटन से जुड़े स्टेकहोल्डर्स, पर्यटकों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं और बालिकाओं से संवाद किया. इंडियन ग्रामीण सर्विसेस संस्था के सहयोग से किए गए सर्वे का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण के बाद महिलाओं की रोजगार एवं स्वरोजगार की स्थिति में आए बदलावों का आकलन करना रहा. टीम ने महिलाओं से उनकी आय, काम के अवसर, आत्मविश्वास और प्रशिक्षण से मिले लाभों के संबंध में जानकारी ली. साथ ही परियोजना से जुड़ी महिलाओं की सफलता की कहानियों को भी दस्तावेज के रूप में दर्ज किया गया.


